प्रेस नोट 04- दिनांक 15.10.2024

थाना अजगैन, जनपद उन्नाव।

UNNAO POLICE

पुलिस मुठभेड़ मे शातिर लुटेरा गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरे को एक अदद अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस व लूट के 3250/- रू0 बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 15.10.2024 को समय करीब 04.30 बजे थाना अजगैन पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी नवाबगंज पक्षी विहार के पीछे रिंग रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त बाइक अज्ञात सवार युवको द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर दी गई। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ मे एक युवक के पैर में गोली लगी है तथा उसका एक अज्ञात साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में घायल युवक की पहचान इरफान अहमद पुत्र स्वर्गीय अली हुसैन निवासी जाजमऊ ताड़ बगिया थाना जाजमऊ जनपद कानपुर नगर के रुप में हुई है,जिसके कब्जें से एक तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस व 32,50 रुपये बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्त इरफान द्वारा बताया गया कि वह और उसका साथी नियाज अहमद उर्फ सोनू पुत्र छुट्टन निवासी 16 बीघा रति राम पुर्वा नैकानी बिल्डिंग थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव मिलकर लूट करते हैं। आज हम दोनों नवाबगंज मेले में लूट करने आये थे, इसलिये रात में घूम रहे थे लेकिन कोई नहीं मिला तो हम दोनों वापस कानपुर जा रहे थे कि रास्ते में आप लोगों को देखकर पकड़ने के डर से भाग रहे थे। दिनांक 29.8.2024 को अभियुक्त इरफान उपरोक्त द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर रात्रि में एक मो0सा0 चालक व्यक्ति व पीछे बैठी महिला का महिला का पर्स छीन कर भाग गये थे। बरामदगी के आधार बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 263/2024 धारा 309(4) BNS में 317(2) BNS की बढोत्तरी कर मु0अ0स0 315/2024 धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम 1-इरफान अहमद पुत्र स्व0 अली हुसैन निवासी ताड़ बगिया जाजमऊ थाना जाजमऊ जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष 2-नियाज अहमद उर्फ सोनू पुत्र छुट्टन निवासी 16 बीघा रति राम पुर्वा नैकानी बिल्डिंग थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव पंजीकृत किया गया । फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1-इरफान अहमद पुत्र स्व0 अली हुसैन निवासी ताड़ बगिया जाजमऊ थाना जाजमऊ जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष

बरामदगी का विवरण –3250/-रूपये मालमसरूका व एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

अपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0स0 263/2024 धारा 309(4) /317(2) BNS थाना अजगैन जनपद उन्नाव
2- मु0अ0स0 315/2024 धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजगैन उन्नाव
3- मु0अ0स0 37/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
4- मु0अ0स0 563/2018 धारा 392/411 भादवि थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव
5- मु0अ0स0 615/2018 धारा 392 भादवि थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव

थाना अजगैन पुलिस टीम-

1. प्र0निरी0 अवनीश कुमार सिंह
2. का0 बलराम गोस्वामी
3. का0 राज कुमार
4. उ0नि0 श्री मुकुल कुमार दुबे
5. का0 अनूप द्विवेदी
6. का0 शिवम यादव
7. का0 सूर्य प्रकाश
8. का0 अरूण अत्री
9. का0 शुभम कुमार

एसओजी टीम-

1. प्र0निरी0 श्री जयप्रकाश यादव (एसओजी टीम)
2. उ0नि0 श्री ज्ञान सिंह (एसओजी टीम)
3. हे0का0 सतेन्द्र सिंह (एसओजी टीम)
4. हे0का0 सुनील यादव (एसओजी टीम)
5. हे0का0 आशीष मिश्रा(एसओजी टीम)

6. का0 रविकुमार(एसओजी टीम)
7. का0 गौरव कुमार(एसओजी टीम)
8. का0 विकास भदौरिया(एसओजी टीम)
9. का0 नितीश याद(एसओजी टीम)
10. का0 यशवीर(एसओजी टीम)
11. का0 हरीश बालियान(एसओजी टीम)
12. का0 शुभम तोमर(एसओजी टीम)